**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 23.07.2025** **समय : 0705**

- **उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।**
- **प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना और राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।**
- **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।**
- **खराब मौसम के कारण अंतर–द्वीपीय क्षेत्र में जलयानों की आज की निर्धारित यात्राओं को स्थगित किया गया है।**

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से साइबर अपराध पुलिस स्टेशन के तत्वावधान में साइबर अपराध हेल्पलाइन – एक नौ तीन शून्य के लिए एक हाई–टेक केंद्र की स्थापना की गई है। उद्घाटन समारोह मरीन हिल स्थित पुलिस रेडियो कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक एच जी एस धालीवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई, और पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा भी उपस्थित थे। यह अत्याधुनिक कॉल सेंटर नागरिकों को साइबर अपराध की घटनाओं की त्वरित रिपोर्ट करने, मार्गदर्शन प्राप्त करने और त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए एक उत्तरदायी, प्रौद्योगिकी–सक्षम मंच प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। आधुनिक बुनियादी ढांचे और स्मार्ट कॉल–हैंडलिंग प्रणालियों से सुसज्जित, यह केंद्र साइबर अपराध पुलिस स्टेशन और संबंधित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के बीच निर्बाध समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा, ताकि समय पर हस्तक्षेप और मामला पंजीकरण सुनिश्चित हो सके। यह पहल अंडमान निकोबार पुलिस की डिजिटल युग में अपराध की बदलती प्रकृति के अनुकूल होने की सक्रिय रणनीति के अनुरूप है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह अगस्त तक बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पहली अप्रैल से शुरू हो गई थी। ये पुरस्कार वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र बच्चों को दिए जाते हैं। पांच वर्ष से अधिक और अट्ठारह वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि वर्ष दो हजार सत्ताईस की जनगणना की तैयारी सोलह जून को राजपत्र अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही शुरू हो गई है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कल गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि इस संबंध में तीन और चार जुलाई को नई दिल्ली में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन में जनगणना संचालन निदेशकों, जनगणना संचालन निदेशालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और महापंजीयक तथा जनगणना आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में आगामी जनगणना की रूपरेखा और उससे संबंधित गतिविधियों पर चर्चा हुई।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत वेव–एक्स स्टार्टअप एक्सेल–रेटर ने भाषासेतु चैलेंज के लिए प्रोटोटाइप जमा करने की अंतिम तिथि तीस जुलाई तक बढ़ा दी है। भाषासेतु चैलेंज स्टार्टअप्स को किसी भी बारह भारतीय भाषाओं में अनुवाद और ध्वनि स्थानीय–करण के लिए ए आई–संचालित उपकरण बनाने के लिए आमंत्रित करती है। इस पहल का उद्देश्य समावेशी और स्वदेशी डिजिटल शासन के लिए भाषा अनुवाद समाधानों को बढ़ावा देना है। इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेव–एक्स पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं और अपने प्रोटोटाइप जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, शिक्षा निदेशालय के सहयोग से, छब्बीस और सत्ताईस जुलाई को कार्बाइंस कोव तट पर मानसून बीच वॉलीबॉल दो हजार पच्चीस #वॉलीदवाइब! का आयोजन करेगा। पुरूष और महिला दोनों वर्गों में खेला जाने वाला बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट सुबह दस बजे से आरंभ होगा। प्रत्येक श्रेणी के विजेता टीम को सात हजार रूपये और उप–विजेता टीम को पांच हजार रूपये नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। इस पहल के माध्यम से, पर्यटन विभाग अंडमान द्वीपसमूह को एक प्रमुख समुद्र तटीय पर्यटन स्थल के रूप में उजागर करना चाहता है। टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कल तक किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र की प्राथमिक और माध्यमिक छात्राओं के लिए अंतर–विद्यालय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट जंगलीघाट स्कूल मैदान और भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेले जा रहे हैं। कल कुल आठ मैच खेले गए।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत विम्बर्लीगंज के ब्लॉक परियोजना अधिकारी द्वारा पहचान एवं मूल्यांकन शिविर, इक्कतीस जुलाई, को सुबह साढ़े नौ बजे से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, विम्बर्लीगंज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य पहले से ही चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करना और स्कूलों में संदिग्ध दिव्यांग बच्चों की पहचान करना है। लाभार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र; यू डी आई डी कार्ड, आधार कार्ड; आय प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। NIRAMAYA स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, बीपीएल कार्ड भी साथ लाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में अट्ठाईस जुलाई से ग्यारह अगस्त तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुब्रा घोष और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी मामलों की सुनवाई करेंग।

प्रशासनिक कारणों से गाराचरमा स्थित डाइट में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए द्विवर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श स्थगित कर दी गई है। अब परामर्श प्रक्रिया अट्ठाईस और उनतीस जुलाई को सुबह नौ बजे से लिया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अस्थाई वरीयता सूची प्रशासन के सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर आज अपलोड कर दी जाएगी। दावे और आपत्तियाँ आज से छब्बीस जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन अट्ठाईस जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। परामर्श एक और दो अगस्त को होगा। दावे और आपत्तियाँ कॉलेज के प्राचार्य के पते पर या ईमेल के जरिए छब्बीस तारीख को शाम पांच बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी संबंधित उम्मीदवारों से दावे और आपत्तियाँ ऑफ़लाइन या ऑनलाइन माध्यम से आज और कल सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच संस्थान में जमा करने को कहा गया है। डीब्रेट में निर्धारित पाठ्यक्रमों के अनुसार परामर्श इक्कतीस जुलाई से पांच अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जबकि राजकीय पॉलीटेक्निक, डिगलीपुर के लिए परामर्श कार्यक्रम तीस जुलाई से पांच अगस्त तक चलेगा। परामर्श के लिए उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे तक उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण हटाने के प्रयासों के तहत, दक्षिण अंडमान के राजस्व विभाग ने कल गाराचरमा के अट्टम पहाड़ में सरकारी राजस्व भूमि पर अस्थायी ढाँचों के रूप में किए गए नए अतिक्रमणों को हटाया। परिणामस्वरूप, लगभग दो सौ वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणमुक्त किया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी जारी की है। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

<><><><><><><>

परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत परिवारों और स्वास्थ्य प्रदाताओं के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परिवार नियोजन बीमा योजना शुरू करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। बांग्लादेश में हुए वायु सेना विमान हादसे में सत्ताईस लोगों की मौत के समाचार को **इंफो इंडिया** ने अपना पहला हेडलाइन बनाया है। छब्बीस और सत्ताईस तारीख को कार्बाइंस कोव तट पर आयोजित होने वाले मानसून बीच वॉलीबॉल के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** में जगह मिली है। वार्ड पार्षद द्वारा पानीपत रोड में कुंए की सफाई करवाए जाने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रकाशित किया है ।

<><><><><><><>